सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-470
02/10/2017

148वीं जयंती पर याद किये गये राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी, मुख्यमंत्री ने किया माल्यार्पण

पटना, 02 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गॉधी जयंती के मौके पर पटना के गॉधी मैदान स्थित उनकी विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

******